


अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बडे नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान विश्व कप मैच-2023 देखा। इसमें देखा कि देशवासियों का भारत के प्रति प्रेम और देशभक्ति अटूट है जो क्रिकेट मैच के माहौल में झलकता है। - भूपेन्द्र पटेल

गुजरात के मुख्यमंत्री, भारत-पाक विश्व कप मैच में शानदार जीत के लिए भारतीय टीम को बधाई देते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶ विराट कोहली**



**भारत** बनाम ऑस्ट्रेलिया मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण करने वाले विराट कोहली को भारत के ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। रविवार को खेले गये इस मुकाबले में कोहली ने ना केवल बल्लेबाजी बल्कि सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मिचेल मार्श का शानदार कैच पकड़ा जो पूरे मैच में सबसे अधिक चर्चा में रहा। कोहली को इस शानदार कैच के लिए ड्रेसिंग रूम में सम्मानित किया गया। जिसमें विराट कोहली को ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से सम्मानित करते हुए दिखा गया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्व कप फुटबॉल का रंगीन टीवी पर प्रसारण 1974 में जर्मनी में हुए विश्व कप से शुरू हुआ।

# वर्ल्ड कप 2023 का पहला उलटफेर : डिफेंडिंग चैम्पियन इंग्लैंड को अफगानिस्तान ने हराया

### 2011 में आयरलैंड, 2015 में बांग्लादेश से भी हार चुके

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। वनडे वर्ल्ड कप 2023 का सबसे बड़ा उलटफेर रविवार को हुआ। अफगानिस्तान ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड पर ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए उन्हें 69 रन से हरा दिया। वर्ल्ड कप में 14 लगातार मैच हारने के बाद अफगानिस्तान ने जीत दर्ज की और 2019 की चैंपियन टीम को ही मात दे दी।

नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम ने इंग्लैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी, अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 49.5 ओवर में 284 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 215 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अफगानिस्तान के स्पिनर्स गेमचेंजर रहे। मुजीब उर रहमान, मोहम्मद नबी और राशिद खान ने मिलकर



8 विकेट लिए। मुजीब और राशिद को 3-3 विकेट मिले, जबकि मोहम्मद नबी ने 2 विकेट झटके।

इंग्लैंड की टीम वनडे वर्ल्ड कप इतिहास में 5वीं बार उलटफेर का शिकार हुई। इससे पहले 1992 में टीम को जिम्बाब्वे ने 9 रन से हराया। 2011 में टीम को आयरलैंड ने 3 और बांग्लादेश ने 2 विकेट से हराया था। वहीं 2015 में भी टीम को बांग्लादेश ने ही 15 रन से हराकर उलटफेर किया था। अब 2023 में अफगानिस्तान ने 69 रन से हराकर इंग्लैंड को 5वीं बार वर्ल्ड कप में उलटफेर का कड़वा स्वाद चखाया। इतना ही नहीं इंग्लैंड की टीम टी-20 वर्ल्ड कप में 2 बार नीदरलैंड से भी हार कर उलटफेर का शिकार हो चुकी है।

अफगानिस्तान के स्पिनर्स ने कुल 8 विकेट चटकाए। लेकिन विकेट गिराने की शुरुआत तेज गेंदबाजों ने की। फजलहक फारूकी ने अपने पहले ही ओवर में जॉनी बेयरस्टो को 2 रन के स्कोर पर किया। उनके बाद नवीन-उल-हक ने इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर को बोल्ड किया और टीम को बैकफुट पर धकेल दिया।

285 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही, टीम ने 7 ओवर में ही 2 विकेट गंवा दिए। जॉनी बेयरस्टो 2 और जो रूट 11 रन बनाकर आउट हो गए। मिडिल ओवर्स में पार्टनरशिप बनने लगी, लेकिन टीम लगातार विकेट गंवाते चली गई। डेविड मलान 32, जोस बटलर 9, लियम लिविंगस्टन 10, सैम करन 10, क्रिस वोक्स 9, आदिल रशीद 20, मार्क वुड 18 और रीस टॉप्ली 15 रन ही बना सके।

इंग्लैंड से केवल हैरी ब्रूक ने अर्धशतक लगाकर 66 रन की पारी खेली। उन्हें मुजीब उर रहमान ने विकेटकीपर इकराम अलीखिल के हाथों कैच कराया। उनके विकेट के बाद इंग्लैंड का स्कोर 8 विकेट पर 169 रन हो गया। इसके बाद टीम 46 रन ही और जोड़ सकी और ऑलआउट हो गई। 285 रन के टारगेट को डिफेंड करने उतरी अफगानिस्तान टीम ने अच्छी शुरुआत की। टीम ने दूसरे ही ओवर में ही इंग्लिश ओपनर जॉनी बेयरस्टो को पवेलियन भेज दिया। 7वें ओवर में जो रूट भी बोल्ड हो गए। हालांकि टीम ने 10 ओवर में 52 रन बना लिए।

## एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट का रोहतक में स्वागत

## कबड्डी खिलाड़ी अक्षिमा बोली- उनके लिए पिता ने नौकरी छोड़ी, अब 2026 में दोबारा गोल्ड का लक्ष्य

रोहतक, 15 अक्टूबर। एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर लौटने पर कबड्डी खिलाड़ी अक्षिमा बजाड़ का रोहतक के मकड़ौली गांव में जोरदार स्वागत हुआ। अक्षिमा ने कहा कि उसके लिए उनके पिता ने कई कुर्बानी दी है, जिन्हें वे कभी भी नहीं भुला सकती। बच्चों का भविष्य संवारने के लिए उन्होंने नौकरी तक छोड़ दी थी। उन्होंने पिता के सपने को पूरा किया है। एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर लौटने पर कबड्डी खिलाड़ी अक्षिमा बजाड़ का रोहतक के मकड़ौली गांव में जोरदार स्वागत हुआ। अक्षिमा ने कहा कि उसके लिए उनके पिता ने कई कुर्बानी दी है, जिन्हें वे कभी भी नहीं भुला सकती। बच्चों का भविष्य संवारने के लिए उन्होंने नौकरी तक छोड़ दी थी। उन्होंने पिता के सपने को पूरा किया है।

## महाराजा रणजीत सिंह क्लब, स्टार क्लब (पटियाला) / एवर ग्रीन क्लब, शहीद भगत सिंह क्लब बने चैम्पियन

जालंधर, 15 अक्टूबर। स्टार क्लब (पटियाला), शहीद भगत सिंह क्लब (होशियारपुर) और महाराजा रणजीत सिंह क्लब (अमृतसर) की टीमें दूसरे फाइव-ए- में महिला मास्टर्स हॉकी टूर्नामेंट में अपने-अपने आयु वर्ग में चैंपियन बन गयी हैं। स्थानीय सुरजीत हॉकी स्टेडियम, बल्टर्न पार्क में खेले गये टूर्नामेंट में 35 प्लस आयु वर्ग के फाइनल में महाराजा रणजीत सिंह क्लब (अमृतसर) ने बलदीप कौर की शानदार हैट्रिक की बदौलत माता साहिब कौर क्लब (लुधियाना) को 8-7 के अंतर से हराया तथा 40 प्लस आयु वर्ग में शहीद भगत सिंह क्लब (होशियारपुर) ने शेरे पंजाब क्लब (मुक्तसर) को 8-11 से हराया जबकि 45 प्लस आयु वर्ग में स्टार क्लब (पटियाला) ने एवरग्रीन क्लब (मोहाली) को 5-8 से पराजित करके विजयी रहे। इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन द्रोणाचार्य अवार्ड से पुरस्कृत और मुख्य हॉकी कोच, पंजाब ओलंपियन राजिंदर सिंह ने किया जबकि ओलंपियन सुरिंदर सिंह सोढ़ी, आईपीएस (सेवानिवृत्त) ने पुरस्कार वितरित किए। इस मौके पर इकबाल सिंह संधू, सुरिंदर सिंह भापा, कुलविंदर कौर रोजी, कोच परदीप कौर, प्रोफेसर बलविंदर सिंह, सुरजीत कौर, रेनू बाला, कुलदीप सिंह, अरविंदर कौर रोजी मौजूद थे।

## वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन में एबेन्यो, अयाना, अभिषेक और कविता यादव ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

नयी दिल्ली, 15 अक्टूबर। राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह खेल और फिटनेस के लिए अलग-अगल वर्ग में आयोजित की गई 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को केन्या के स्टार धावक डेनियल एबेन्यो ने पुरूष वर्ग और इथियोपिया की अल्माज अयाना ने महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीत ली। वही अभिषेक पाल और कविता यादव ने क्रमशः भारतीय पुरुष और महिला एलीट वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आज सुबह यहां दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को रवाना किया। मैट्रो और अन्य साधनों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे लोगों में हाफ मैराथन को लेकर काफी उत्साह देखा गया। खिलाड़ियों के साथ मैराथन हजारों की संख्या में हर उम्र के लोगों ने भाग लिया।

# अफगानिस्तान के बल्लेबाजों की पिटाई से परेशान सैम करन ने कैमरामैन को दिया धक्का

नई दिल्ली, 15 अक्टूबर। इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच आईसीसी क्रिकेट विश्व कप का 13वां मुकाबला खेला जा रहा है। अफगानिस्तान ने सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 57 गेंदों में 80 रन और इब्राहिम 28 रनों की पहले विकेट के लिए बेहतरीन 114 रनों की साझेदारी बदौलत रविवार को आईसीसी विश्व कप के 13वें मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड को 285 रन का लक्ष्य दिया है। गुरबाज ने अपनी पारी के दौरान इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धुनाई की। अफगानिस्तान की 10वीं पारी के दौरान सैम करन बाउंड्री लाइन के पास खड़े कैमरामैन को धक्का देते हुए नजर आए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अफगानिस्तान की पारी के 10वें ओवर में सैम करन अपनी गेंदबाजी की



वजह से काफी परेशान थे और कैमरामैन के साथ उनकी नोंक-झोक इसी वजह से हुई। दरअसल अफगानिस्तान की पारी के नौवें ओवर में सैम करन की जमकर धुनाई हुई थी। गुरबाज ने इस ओवर में 19 रन बनाए थे और करन ने नो बॉल भी डाली थी। इस ओवर में कुल 20 रन बने थे। गुरबाज ने दो चौके और छक्का लगाया था। शुरुआती दो ओवर में 26 रन खर्च करने के कारण सैम करन काफी गुस्से में थे और अगले ओवर में कैमरामैन उनके पास खड़े होकर उनकी फुटेज लेने की कोशिश कर रहा था, जिससे सैम करन असहज हो गए और उन्होंने कैमरामैन को बाउंड्री के बाहर धकेल दिया।

अफगानिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर इंग्लैंड के खिलाफ 49.5 ओवर में 284 रन पर आउट हो गई। अफगानिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 57 गेंद की आक्रामक पारी में 80 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद 42 देकर तीन विकेट लिए। इसके अलावा मार्क वुड ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। वहीं रिस टॉप्ले, लियम लिविंगस्टन और जो रूट को एक-एक विकेट मिला।

## एचसीएल साइक्लोथॉन में 11 सौ से अधिक साइकिल चालक हुए शामिल

चेन्नई, 15 अक्टूबर। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में रविवार को आयोजित एचसीएल साइक्लोथॉन में 956 पुरुष और 169 महिला सहित कुल 1,100 से अधिक साइकिल चालकों ने हिस्सा लिया।

तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने आज यहां इस साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संरक्षण में तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण और राज्य सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में पेशेवर और शौकिया दोनों श्रेणियों में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विजेताओं को उदयनिधि स्टालिन ने एचसीएल कॉरपोरेशन में रणनीति अध्यक्ष सुंदर महालिंगम और साइकिल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव श्री मनिंदर पाल सिंह की उपस्थिति में सम्मानित किया। एचसीएल साइक्लोथॉन में शीर्ष पर रहने वालों 30 लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।

साइकिल चालकों ने सुबह होते ही ईसीआर रोड पर मायाजाल मल्टीप्लेक्स से साइकिल चलाना शुरू कर दिया और अपनी-अपनी श्रेणियों के अनुसार मार्ग के कई चक्कर लगाए। पुरस्कार स्वरूप पेशेवरों के लिए 15 लाख रूपये और शौकीनों के लिए 15 लाख रूपये की राशि रखी गई।

इस अवसर पर श्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा, मैं तमिलनाडु में खेल के क्षितिज का विस्तार करने में एचसीएल की भूमिका का तहे दिल से स्वागत करता हूं। हमारे राज्य में फिटनेस का समर्थन करने और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए साइकिल चलाने के शौकीनों की एक बड़ी भीड़ को देखना वास्तव में प्रेरणादायक है।

## प्रधानमंत्री ने फिडे विश्व जूनियर रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप जीतने पर सावधानी को दी बधाई

नयी दिल्ली, 14 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को फिडे वर्ल्ड जूनियर रैपिड शतरंज चैंपियनशिप 2023 में उल्लेखनीय जीत हासिल करने पर रौनक साधवानी को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने आज एक्स पर पोस्ट किया, फिडे वर्ल्ड जूनियर रैपिड शतरंज चैंपियनशिप 2023 में उल्लेखनीय जीत हासिल करने पर साधवानी को बधाई। उनकी रणनीतिक प्रतिभा एवं कौशल ने दुनिया को आश्चर्यचकित किया और साथ ही देश को गौरवान्वित भी किया है। वह अपनी असाधारण उपलब्धियों से हमारे देश के युवाओं को प्रेरित करते रहें। उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

## जींद में भारत-पाकिस्तान मैच पर सट्टा लगाते तीन धरे

## 42 हजार नकद, 8 मोबाइल और लैपटॉप बरामद

जींद, 15 अक्टूबर। हरियाणा के जींद स्थित नरवाना ने बीरबल नगर से भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे वर्ल्ड कप क्रिकेट मैच पर सट्टा खेल रहे 3 बुकी को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से कैश, लैपटॉप व मोबाइल जब्त किए हैं। पकड़े गए क्रिकेट बुकियों की पहचान सुशील कुमार उर्फ काकू व पंकज निवासी बीरबल नगर नरवाना और रवि निवासी चिटाना जिला सोनीपत के रूप में हुई है।

## इंडिया-पाकिस्तान मैच में रौतेला का गोल्ड प्लेटेड आईफोन गुम

## सोशल मीडिया में लिखा- मेरा फोन मोदी स्टेडियम में खो गया है, मेरी मदद करें

अहमदाबाद, 15 अक्टूबर । बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला शनिवार रात अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडिया-पाकिस्तान का मैच देखने पहुंची थी। इस दौरान उनका गोल्ड प्लेटेड आईफोन स्टेडियम में कहीं गुम हो गया। इसकी जानकारी उन्होंने अब खुद ही सोशल मीडिया के जरिए दी है। इस पोस्ट के साथ उर्वशी ने लोगों से उनकी मदद करने की अपील भी की। उर्वशी का ये पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है और लागातार लोग इस पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं। उर्वशी रौतेला ने ट्वीट कर लिखा- मेरा 24 कैरेट सोने का आईफोन मैच के दौरान खो गया है।

## यूरो 2024 क्वालीफाइंग में इटली ने माल्टा को हराया

रोम, 15 अक्टूबर। इटली ने यूईएफए यूरो 2024 क्वालिफाइंग में डोमेनिको बेरार्डी के दो गोल की बदौलत माल्टा को 4-0 से हरा दिया है। शनिवार को खेले गये इस मुकाबले में इटली की टीम शुरू से ही आक्रामक रही। गत चैंपियन के बोनावेंटुरा ने आखिरकार 23वें मिनट में गतिरोध को तोड़ते हुए गोल कर दिया और यह उनका पहले अंतरराष्ट्रीय गोल था। बेरार्डी ने ब्रेक से पहले निकोलो बारेला के साथ मिलकर गोल करते हुए बढ़त दोगुना कर दिया।

## ब्राजील ने विश्वकप क्वालीफाइंग के लिए एड्रिएल्सन को टीम में किया शामिल

रियो डी जनेरियो, 15 अक्टूबर। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने अनकैप्ड बोटाफोगो के डिफेंडर एड्रिएल्सन को उरुग्वे के खिलाफ फीफा विश्वकप क्वालिफाइंग मुकाबले के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया है। सीबीएफ ने शनिवार को यहां बताया कि एड्रिएल्सन (25) को फ्लुमिनेंस सेंटर-बैक मार्सिलियो मोटा की जगह टीम में शामिल किया गया है। शनिवार को प्रशिक्षण सत्र के दौरान मार्सिलियो मोटा के बाएं घुटने में मोच आ गई थी। जुलाई 2022 में स्पोर्ट रेसिफ़ से मुफ्त ट्रांसफ़र पर क्लब में शामिल होने के बाद से एड्रिएल्सन ने बोटाफ़ोगो के लिए 65 शुरुआत की हैं।

# डेनियल एबियनो ने पुरूष वर्ग और अयाना ने महिला वर्ग की दौड़ जीती

नयी दिल्ली, 15 अक्टूबर। राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह खेल और फिटनेस के लिए आयोजित की गई 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को केन्या के स्टार धावक डेनियल एबेन्यो ने पुरूष वर्ग और इथियोपिया की अल्माज अयाना ने महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीत ली।

आज सुबह यहां केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने हरी झंडी और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने फायर कर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को रवाना किया। केन्या के एबेन्यो ने पुरुष वर्ग में 59 मिनट और 27 सेकंड में दौड़ पूरी की।

वही महिला वर्ग में इथियोपिया की अयाना ने एक घंटे सात मिनट और 59 सेकंड में दौड़ पूरी करके युगांडा की स्टेला चेसांग (1:08:28) और केन्या की वियोला चेपनजेनो (1:09:09) को पछाड़ते हुए जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ियों में अभिषेक पाल (1:04:08) और कविता यादव (1:17:42) ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। पुरूष वर्ग में कार्तिक दूसरे और सावन ने तीसरे स्थान रहे। मैट्रो और अन्य साधनों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे लोगों में हाफ मैराथन को लेकर काफी उत्साह देखा गया। मैराथन हजारों की संख्या में हर उम्र के लोगों ने भाग लिया। ॐ

ाज सुबह तीन तरह की मैराथन स्पर्धाएं आयोजित की जा रही है। जिनमें हाफ मैराथन एमेच्योर, 10 किलोमीटर रूट और हाफ मैराथन एलीट शामिल हैं। प्रतिभागियों के लिए 42.195 किमी की मैराथन को सात घंटे 18 मिनट में, 25 किमी की दौड़ को चार घंटे 11 मिनट में, 21.097 किमी की हाफ मैराथन तीन घंटे 30 मिनट और 10 किमी की दौड़ को 95 मिनट निर्धारित किये गये थे। पहली हाफ मैराथन एमेच्योर सुबह करीब पांच बजे से, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, श्री अरबिंदो मार्ग से यू-टर्न लेकर लोधी रोड, मथुरा रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग, सी-हेक्सागोन, कर्तव्यपथ, रफी मार्ग, रेल भवन, रफी मार्ग, संसद मार्ग होते हुए वापस जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम पर समाप्त हुई।

दूसरी 10 किलोमीटर मार्ग से सुबह करीब पांच बजे से, संसद मार्ग पर जीवन दीप बिल्डिंग से शुरू होकर, पटेल चौक, संसद मार्ग, रफी मार्ग, रेल भवन, कार्तव्यपथ, जनपथ, होटल ली मेरिडियन, जनपथ पर यू टर्न लेकर कर्तव्य पथ, इंडिया गेट कैनोपी, सी-हेक्सागोन, मथुरा रोड, लोधी रोड, भीष्म पितामह मार्ग, जेएलएन स्टेडियम कॉम्प्लेक्स पर समाप्त हुई।

वहीं तीसरी हाफ मैराथन एलीट (सुबह 7 बजे से) जेएलएन स्टेडियम कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, श्री अरबिंदो मार्ग, लोधी रोड, मथुरा रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग, सी-हेक्सागोन, कर्तव्यपथ, रफी मार्ग क्रॉसिंग से यू टर्न लेकर कर्तव्यपथ, इंडिया गेट कैनोपी, सी-हेक्सागन होते हुए वापस इसी रूट से स्टेडियम के बाहर खत्म हुयी।

इस अवसर पर उपराज्यपाल ने कहा कि 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' एक तरह से ग्लोबल इवेंट बन गया है। पिछले वर्ष इसमें 28 हजार लोगों ने हिस्सा लिया था और इस साल 36 हजार लोग हिस्सा ले रहे हैं। इससे पता चलता है कि दिल्ली के लोग किस तरह अपने को फिट रहना चाहते हैं।

## वी.के. सक्सेना और अनुराग ठाकुर ने 'वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन' को दिखाई हरी झंडी

नयी दिल्ली, 15 अक्टूबर। दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार सुबह 'वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन' को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैट्रो और अन्य साधनों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे लोगों में हाफ मैराथन को काफी उत्साह देखा गया। मैराथन में हर उम्र के लोग भाग लेते हुए देखे गये है। आज तीन तरह की मैराथन स्पर्धाएं आयोजित की जा रही है। जिनमें हाफ मैराथन एमेच्योर, 10 किलोमीटर रूट और हाफ मैराथन एलीट शामिल हैं। पहली हाफ मैराथन एमेच्योर सुबह करीब पांच बजे से, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, श्री अरबिंदो मार्ग से यू-टर्न लेकर लोधी रोड, मथुरा रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग, सी-हेक्सागोन, कर्तव्यपथ, रफी मार्ग, रेल भवन, रफी मार्ग, संसद मार्ग होते हुए वापस जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम पर समाप्त होगी। दूसरी 10 किमी. मार्ग से सुबह करीब पांच बजे से, संसद मार्ग पर जीवन दीप बिल्डिंग से शुरू होकर, पटेल चौक, संसद मार्ग, रफी मार्ग, रेल भवन, कार्तव्यपथ, जनपथ, होटल ली मेरिडियन, जनपथ पर यू टर्न लेकर कर्तव्य पथ, इंडिया गेट कैनोपी, सी-हेक्सागोन, मथुरा रोड, लोधी रोड, भीष्म पितामह मार्ग, जेएलएन स्टेडियम कॉम्प्लेक्स पर समाप्त होगी। तीसरी हाफ मैराथन एलीट (सुबह 7 बजे से) जेएलएन स्टेडियम कॉम्प्लेक्स से शुरू होकर भीष्म पितामह मार्ग, लोधी रोड, अरबिंदो मार्ग, लोधी रोड, मथुरा रोड, सुब्रमण्यम भारती मार्ग, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग, सी-हेक्सागोन, कर्तव्यपथ, रफी मार्ग क्रॉसिंग से यू टर्न लेकर कर्तव्यपथ, इंडिया गेट कैनोपी, सी-हेक्सागन होते हुए वापस इसी रूट से स्टेडियम के बाहर खत्म होनी है।

# बाबर के बोल्ड होते ही बिखरा पाक

### 36 रन बनाने में 8 विकेट गंवाए, रोहित ने एकतरफा बनाया चेज, जीत के 5-फैक्टर्स

अहमदाबाद, 16 अक्टूबर । वनडे वर्ल्ड कप 2023 में लीग स्टेज के सबसे बड़े मुकाबले को भारत ने अपने नाम किया। टीम इंडिया ने पाकिस्तान को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 7 विकेट से हराया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला सही साबित हुआ। टीम ने पाकिस्तान को 191 रन पर ही समेट दिया। 192 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने तेज शुरुआत दिलाई। रोहित ने महज 63 गेंद पर 86 रन की पारी खेली और मैच में भारत को पूरी तरह से हावी कर दिया।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम की बैटिंग पिच पर भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। तेज गेंदबाजों को शुरुआत में स्विंग नहीं मिली, जिसके बाद उन्होंने उन्होंने अपनी लेंथ आगे डालने की बजाय गुड लेंथ पर रखी। पाकिस्तानी ओपनर्स ने तेज शुरुआत की, लेकिन भारतीय गेंदबाजों की कसी हुई बॉलिंग के सामने दोनों ओपनर्स इमाम-उल-हक और अब्दुल्लाह शफीक ने अपने विकेट 13 ओवर के अंदर ही गंवा दिए। शुरुआती 2 विकेट 73 रन पर गंवाने के बाद पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के साथ पार्टनरशिप की।

बाबर फिफ्टी लगा चुके थे और रिजवान के साथ उनकी 82 रन की पार्टनरशिप भी हो गई। तभी 30वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने क्रॉस सीम बॉल को गुड लेंथ पर टप्पा खिलाया और बाबर को बोल्ड कर दिया। बाबर के आउट ही पाकिस्तान का कॉन्फिडेंस भी टूट गया और टीम लगातार विकेट गंवाते चली गई।

बाबर के आउट होते ही कुलदीप यादव ने 33वें ओवर में 2 विकेट निकाल दिए। उन्होंने मिडिल ऑर्डर बैटर सऊद शकील को और इफ्तिखार अहमद को बोल्ड कर पवेलियन लौटा दिया। उनके बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मोहम्मद रिजवान और शादाब खान को बोल्ड कर पाकिस्तान को 2 और झटके दे दिए। टीम ने 171 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे, यहां से रवींद्र जडेजा ने 2 और हार्दिक पंड्या ने एक विकेट लेकर पाकिस्तान को 191 रन पर समेट दिया।

बाबर के आउट होने से पहले पाकिस्तान टीम का स्कोर 155 रन पर 2 विकेट था। यहां से टीम ने 36 रन जोड़ने में ही 8 विकेट गंवा दिए। भारत की शानदार बॉलिंग के आगे पाकिस्तानी बैटर्स ने सरेंडर किया और करीब एक घंटे की खराब बैटिंग के चलते मैच उनके हाथ से निकल गया।

## सिंधु आर्कटिक ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में हारी

वांटा, 15 अक्टूबर। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु शनिवार को आर्कटिक ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल मुकाबले में चीन की वांग झी यी से हारकर बाहर हो गईं। इस हार के साथ टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया। फिनलैंड के वांटा एनर्जिया एरिना में आज 63 मिनट तक चले मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को इस टूर्नामेंट में पांचवी वरीयता प्राप्त वांग झी यी ने 21-12, 11-21, 21-7 से हराया।

पूर्व विश्व चैंपियन ने इससे पहले राउंड ऑफ 32 में नोज़ोमी ओकुहारा और राउंड ऑफ 16 में वेन ची सू को मात दी थी। जबकि क्वार्टरफाइनल में सिंधु ने वियतनाम की थ्यू लिन्ह गुयेन को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई थी।

बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 13वें नंबर पर काबिज पीवी सिंधु के लिए पहले गेम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वह शुरू से ही अंक हासिल करने के लिए संघर्ष करती हुई नज़र आईं। वहीं, रैंकिंग में 11वें स्थान पर मौजूद वांग झी यी ने शुरू से ही अपनी पकड़ मजबूत रखी और भारतीय शटलर को कड़ी टक्कर दी। चीनी शटलर ने बढ़त को बरक़रार रखते हुए 21-12 से पहला गेम अपने नाम कर लिया।

ख़िताब की रेस में खुद को शामिल रखने के लिए पीवी सिंधु ने दूसरे गेम में शानदार वापसी की और अपने दमदार स्मैश के ज़रिए 10-4 की बढ़त हासिल की। इसके बाद सिंधु ने अपनी बढ़त बनाए रखी और वांग झी यी को मौक़ा नहीं दिया।

# ओलंपिक्स 2036 की मेजबानी का भरपूर प्रयास करेगा भारत : मोदी

मुंबई, 15 अक्टूबर। देश में हर स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के प्रति कटिबद्धता का इजहार करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि साल 2036 में भारत में ओलंपिक्स की मेजबानी के प्रयास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

मुंबई में 141वें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) सत्र के उद्घाटन के मौके पर उन्होने कहा साल 2036 में भारत में ओलंपिक्स के आयोजन के लिए देश अपने प्रयासों में कोई कमी नहीं रखेगा। ये 140 करोड़ भारतीयों का बरसों पुराना सपना है, उनकी आकांक्षा है। इस सपने को सबके सहयोग से पूरा करना चाहते हैं। 2036 ओलंपिक्स से पहले भारत साल 2029 में होने जा रहे यूथ ओलंपिक्स की मेजबानी करने का भी इच्छुक है। मुझे विश्वास है, भारत को आईओसी का निरंतर सहयोग मिलता रहेगा।

अहमदाबाद में विश्व कप मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ जीत पर भारतीय टीम को बधाई देते हुये मोदी ने कहा अब से कुछ मिनट पहले ही भारत ने अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बहुत ही शानदार जीत दर्ज की है। मैं टीम भारत को, सभी भारतवासियों को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई देता हूँ। उन्होने कहा भारत हर वर्ष दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग में से एक का भी आयोजन करता है। इस समय भारत में क्रिकेट वर्ल्ड कप भी चल रहा है। उत्साह के इस माहौल में, सभी लोग ये सुनकर भी खुश हैं कि आईओसी के एक्सीक्यूटिव बोर्ड ने क्रिकेट को ओलंपिक्स में शामिल करने की सिफारिश की है। हमें उम्मीद है इस बारे में जल्द ही हमें कोई अच्छी खबर सुनने को मिलेगी।

उन्होने कहा कि इंटरनेशनल ओलिंपिक एसोसिएशन का ये, 141वां सेशन भारत में होना बहुत ही खास है। 40 साल बाद भारत में आईओसी का सेशन का होना, हमारे लिए बहुत गौरव की बात है। खेल भारत की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिसा रहा है। भारत के गांवों में जाएंगे, तो पाएंगे कि बिना स्पोर्ट्स के हमारा हर फेस्टिवल अधूरा है। हम भारतीय स्पोर्टस को जीने वाले लोग हैं। हमारे यहां हजारों साल पहले लिखे ग्रंथों में 64 विधाओं में पारंगत होने की बात कही जाती है। इनमें से अनेक विधाएं खेलों से जुड़ी हुई थीं, जैसे घुड़सवारी, तीरंदाजी, तैराकी, कुश्ती ऐसी अनेक स्किल्स को सीखने पर बल दिया जाता था। आर्चरी यानि धनुर्विद्या को सीखने के लिए तो पूरी एक धनुर्वेद संहिता ही लिखी गई थी। इस संहिता में एक जगह कहा गया है- धनुश चकरन्च् कुन्तन्च् खडगन्च् क्षुरिका गदा। सप्तमम् बाहु युद्धम्, स्या-देवम्, युद्धानी सप्तधा। यानि धनुर्विद्या से जुड़ी सात प्रकार की स्किल्स आनी चाहिए। जिसमें धनुष-बाण, चक्र, भाला यानी आज का जैवलिन थ्रो, तलवारबाजी, ड्रेगर, गदा और कुश्ती शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुंबई से करीब 900 किलोमीटर दूर कच्छ में यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट धोलावीरा है। इस प्राचीन शहर में अर्बन प्लानिंग के साथ-साथ स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का भी एक शानदार मॉडल मिला है। खुदाई के दौरान यहां दो स्टेडियम्स सामने आए। इनमें से एक स्टेडियम में एक साथ 10 हज़ार लोगों के बैठने की कैपेसिटी थी। उन्होने कहा कि स्पोर्ट्स में कोई लूजर नहीं होता, स्पोर्ट्स में सिर्फ विनर्स और लरनर्स होते हैं।